Chapter- 7

# वचन

## STUDY NOTES

**परिभाषा-** शब्द के जिस रूप से संज्ञा के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।

वचन के प्रकार

एकवचन        बहुवचन

१. **एकवचन:** शब्द के जिस रूप से एक प्राणी, वस्तु अथवा स्थान का बोध होता है उसे एकवचन कहते हैं।

जैसे- दरवाजे, चाबी, घड़ी, नदी आदि।

२. **बहुवचन:** शब्द के जिस रूपसे एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं अथवा स्थानों का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं।

**जैसे-** दरवाजें, चाबियाँ, घड़ियाँ, नदियाँ आदि।

**कुछ विशेष बाते-**

- वचन बदलने पर संज्ञा और क्रिया का रूप भी बदल जाता है।
- कुछ संज्ञा शब्द एकवचन और बहुवचन में एक जैसे रहते हैं।
- कुछ शब्द सदा बहुवचन के रूप में प्रयोग किए जाते हैं।
- आदर देने के लिए एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग किया जाता है।

**कुछ संज्ञा शब्दों के एकवचन और बहुवचन रूप:**

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| पन्ना | पन्ने |
| मेला | मेले |
| धड़ा | धड़े |
| तिनका | तिनंके |
| सड़क | सड़कें |
| चिड़िया | चिड़ियाँ |
| गाय | गायें |
| बहू | बहुएँ |
| भाषा | भाषाएँ |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**आइए, अब लिखें**

१. उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए।

क) शहीद दिवस पर मेरी आँखों में _आँसु_ आ गए।

ख) प्रार्थना-पत्र पर अपने _हस्ताक्षर_ ठीक से करो।

ग) सामने शेर देखकर मेरे तो _प्राण_ ही निकल गए।

घ) सबने मंदिर में भगवान के _दर्शन_ किए।

ङ) दरवाजे पर _ताला_ लगा है।

च) सड़क पर _गाडियाँ_ दौड़ रही है।

२. शब्द पढ़िए तथा उसका वचन पढ़कर सही (✓) या गलत (✗) का चिह्न लगाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) बूँद (एकवचन) | ✓ | ख) बगीचे (एकवचन) | ✗ |
| ग) तिनका (एकवचन) | ✓ | घ) कथाएँ (एकवचन) | ✗ |
| ङ) चिट्ठी (एकवचन) | ✓ | च) भेड़ें (बहुवचन) | ✓ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| छ) पैसे (बहुवचन) | ✓ | ज) कुरसी (बहुवचन) | ✗ |
| झ) पत्ता (बहुवचन) | ✗ | ञ) भाषाएँ (एकवचन) | ✗ |

३. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए।

| | |
|---|---|
| क) पेड़ से लता लिपटी हुई है। | पेड़ से लताएँ लिपटी हुई है। |
| ख) हाथी गन्ना खा रहा है। | हाथी गन्ने खा रहा है। |
| ग) बच्चों को कहनियाँ पसंद आई। | बच्चों को कहानी पसंद आई। |
| घ) हलवाई मिठाई बना रहा है। | हलवाई मिठाइयाँ बना रहा है। |
| ङ) तुम्हें कितनी भाषाएँ आती है? | तुम्हें कौन-सी भाषा आती है? |

४. वचन बदलिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) साइकिल | - | साइकिलें | ख) रूपया | - | रूपये |
| ग) रात | - | रातें | घ) चिट्ठी | - | चिट्ठियाँ |
| ङ) परीक्षा | - | परीक्षाएँ | च) बात | - | बातें |
| छ) बधू | - | बधुएँ | ज) छात्रा | - | छात्राएँ |

♦♦♦